आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 21.08.2026 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार के सचिवों के साथ तीसरी उच्च–स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। देश के भविष्य के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने और विभागीय बाधाओं का समाधान करने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'वंदे मातरम्' के आधे–अधूरे गायन के कांग्रेस के फैसले को देश की भावनाओं और बलिदानियों का अपमान बताया।
- पौड़ी की जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रही प्रक्रियाओं की समीक्षा की।
- देहरादून में आयोजित एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी में सबसे ज्यादा 44 पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा भारत। थाईलैंड बना चैंपियन।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अपने आवास पर केंद्र सरकार के सचिवों के साथ तीसरी उच्च–स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अवसंरचना संपर्क, सुरक्षा, विदेश मामलों और शासन प्रणाली से जुड़े मंत्रालयों और विभागों के भविष्य की कार्यसूची पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सचिवों से देश के भविष्य को आकार देने के बारे में दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सोचने का आग्रह किया। एक रिपोर्ट–

**वंदे मातरम्**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से 'वंदे मातरम्' के आधे–अधूरे गायन को लेकर लिए गए निर्णय पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह निर्णय देश की भावनाओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अपमान है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रभक्ति और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा राष्ट्रीय भाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को देश की जनता को जवाब देना चाहिए कि वह 'वंदे मातरम्' के विरोध में क्यों खड़ी है और उन अमर बलिदानियों के बलिदान की भावना के विपरीत क्यों जा रही है।

## जागरूकता कार्यक्रम

अल्मोड़ा जिले के हवालबाग में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 150 से अधिक पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कारीगरों को उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग, डिजिटल विपणन, ई–कॉमर्स, वित्तीय साक्षरता, ऋण सुविधा और उद्यम पंजीकरण की जानकारी दी गई। साथ ही आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से उत्पाद डिजाइन, डिजिटल सामग्री तैयार करने और बाजार की मांग के बारे में बताया गया। इस दौरान पांच पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के क्यूआर कोड मौके पर ही बनाए गए। संवाद सत्र में कारीगरों की विभिन्न योजनाओं, ऋण, सब्सिडी और टूलकिट से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

पौड़ी की जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जिला मुख्यालय स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रही प्रक्रियाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों, मतदाता सूची, बीएलओ और एईआरओ स्तर पर की जा रही कार्रवाई तथा नोटिसों की सुनवाई सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुनवाई की प्रक्रिया निर्धारित रूप से आगे बढ़ रही है और शेष प्रक्रिया भी कुछ ही दिनों में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने सभी एसआईआर फॉर्म निर्धारित प्रारूप के अनुसार भरे जाने और प्रत्येक स्तर पर प्रपत्रों की जांच और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एशियन आइस स्केटिंग ट्रॉफी

देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चार दिवसीय
एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी का समापन हो गया। प्रतियोगिता में मेजबान भारत ने सबसे ज्यादा 44 पदक अपने नाम किए। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने बताया कि भारतीय स्केटर्स ने रिंक पर अपनी रफ्तार का जलवा बिखेरते हुए 13 स्वर्ण के साथ कुल 44 पदक हासिल किए। वहीं, सीनियर श्रेणियों और मिक्स्ड टीम रिले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन की बदौलत थाईलैंड ने 16 स्वर्ण जीते। इस तरह थाईलैंड ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी कब्जाने में सफल रहा।

**<u>एप्पल/कीवी मि”ान</u>**

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने एप्पल और  कीवी मिशन के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं की प्रगति, लाभार्थी चयन, उद्यानों के विकास, उत्पादन बढ़ाने तथा उत्पादों के विपणन एवं प्रोसेसिंग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने मिशन के अंतर्गत पात्र किसानों का पारदर्शी चयन और योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए उत्पादन के साथ ही उनकी गुणवत्ता, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रोसेसिंग और बेहतर विपणन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सफल किसानों के बगीचों को मॉडल के रूप में विकसित कर अन्य किसानों को प्रशिक्षण और भ्रमण की सुविधा देने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने किसानों को उन्नत बीज, तकनीकी प्रशिक्षण और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।